3rd October 2025, Volume - 7

NEWSLETTER

SAMAR CHARITABLE TRUST

"YOUTHS ARE HARBINGER OF CHANGE"

जश्न-ए-बचपन: पटना में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

हमलोग थिएटर इन एजुकेशन के माध्यम से झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के साथ तीन साल से काम कर रहे हैं। अंबेडकर नगर, अदलतगंज और उमंग स्नेह घर (रेनबो) के बच्चों ने 9 महीनों तक गहन प्रशिक्षण लिया और अपनी समस्याओं से जुड़े मुद्दों पर नाटक तैयार किए। इन नाटकों का प्रदर्शन गांधी मैदान में नुक्कड़ नाटक के रूप में किया गया। लगभग 200 लोगों ने इस नाटक को देखा, जिसमें पर्यावरण, स्वास्थ्य, बाल विवाह और मोबाइल के उपयोग जैसे मुद्दों को उठाया गया।

लाइब्रेरी में निबंध लेखन प्रतियोगिता

युवाओं को चर्चाओं में भाग लेने के लिए किशोरी शरण सिंह स्मारक पुस्तकालय, पैनाल, बिहटा में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था "शिक्षा का अधिकार"। कुणाल कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्रिंस कुमार द्वितीय और कुंदन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। हम पुस्तकालय में इस तरह की गतिविधियाँ लगातार आयोजित करते रहेंगे ताकि युवाओं में आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता बढ़े।



गया लाइब्रेरी के तीन साल पूरे

B.R.D.O और Samar Charitable Trust द्वारा संचालित इकरा लाइब्रेरी, बारा, गया को तीन साल पूरे हो चुके हैं। इन तीन वर्षों में लाइब्रेरी से पढ़ने वाले बच्चों ने शानदार उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कई बच्चों ने बोर्ड की परीक्षाओं में बेहतरीन रैंक प्राप्त किए हैं और कई छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाई है। इकरा लाइब्रेरी बच्चों की मेहनत, लगन और उज्ज्वल भविष्य की एक मिसाल बन चुकी है।

मदरसा में पौधरोपण का सफ़ल कार्यक्रम

इस बार मदरसा दारुल उलूम अंडवस में वृक्षारोपण किया गया और बच्चों के साथ पेड़ों की अहमियत पर बातचीत की गई।
साथ ही, यह भी देखा गया कि कई जगह बच्चों के पास चार लाइन वाली अंग्रेज़ी की कॉपी उपलब्ध नहीं है, जिससे उनकी लिखावट (हैंडराइटिंग) पर असर पड़ रहा है। फिलहाल समाधान के तौर पर हमने उन्हें प्रिंट आउट उपलब्ध कराए हैं ताकि वे अपनी मश्क़ (प्रैक्टिस) जारी रख सकें।

8969333114 samarpatna@gmail.com Zaffar Colony, Sabajpura, Phulwari Sharif, Patna, Pincode:- 801505